संख्याः 24/2016/345/तीस-1-2016-5(47)/2013

प्रेषक,

कुमार अरविन्द सिंह देव,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

परिवहन आयुक्त,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

परिवहन अनुभाग-1 लखनऊः दिनाँक 07 अप्रैल, 2016

विषयः जनपद आजमगढ़ में उ0प्र0 राज्य सड़क परिवहन निगम के बस स्टेशन के विस्तारीकरण एवं आधुनिकीकरण के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक पर शासनादेश संख्या-07/1221/तीस-1-2014-5(47)/2013, दिनांक 17.12.2014 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि संदर्भित शासनादेश दिनांक 17.12.2014 द्वारा जनपद आजमगढ़ में बस स्टेशन के विस्तारीकरण एवं आधुनिकीकरण हेतु उ0प्र0 राज्य परिवहन निगम द्वारा उपलब्ध कराये गये आगणन रू0 1368.26 लाख की लागत के आगणन के सापेक्ष प्रायोजना रचना एवं मूल्यांकन प्रभाग द्वारा परीक्षणोंपरान्त आंकलित की गयी धनराशि रू0 1341.90 लाख में से भवन के बाहर स्ट्रक्चरल ग्लेजिंग मद में आंकलित धनराशि रू0 10.46 लाख को घटाकर शेष धनराशि रू0 1341.44 लाख की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति तथा वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या-बी-1-2457/दस-2014-231/2014, दिनांक 22.07.2014 में निहित निर्देशों के क्रम में वित्तीय वर्ष-2014-15 में प्रथम किश्त के रूप में रू0 532.576 लाख की धनराशि अवमुक्त की गयी है।

3- प्रकरण में सम्यक विचारोपरान्त संदर्भित शासनादेश दिनांक 17.12.2014 के क्रम में श्री राज्यपाल बस स्टेशन जनपद आजमगढ़ के विस्तारीकरण एवं आधुनिकीकरण की गतिशील

http://shasanadesh.up.nic.in

प्रक्रिया में भवन के बाहर स्ट्रक्चरल ग्लेजिंग का कार्य जिसकी प्रारम्भिक लागत रू0 10.46 लाख आंकलित की गयी है, कराये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है।

4- अत: अनुरोध है कि कृपया प्रकरण में उपरोक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित कराने तथा कृत कार्यवाही से शासन को अवगत कराने का कष्ट करे।

भवदीय,
ह0
कुमार अरविन्द सिंह देव
प्रमुख सचिव।

संख्याः 24/2016/345/(1)/तीस-1-2016 तददिनांक।
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 इलाहाबाद।
2. महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 इलाहाबाद।
3. मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
4. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 राज्य सड़क परिवहन निगम, लखनऊ।
5. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड लखनऊ।
6. वित्त नियन्त्रक, परिवहन आयुक्त, कार्यालय लखनऊ।
7. वित्त नियन्त्रक, उ0प्र0राज्य सड़क परिवहन निगम मुख्यालय, लखनऊ।
8. वित्त नियन्त्रक, उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड लखनऊ।
9. नियोजन अनुभाग-4 ।
10. वित्त (व्यय-नियन्त्रण) अनुभाग-9/परिवहन अनुभाग-3।
11. निदेशक, वित्तीय एवं सांख्यकीय निदेशालय, जवाहर भवन,लखनऊ।
12. गाई फाइल।

आज्ञा से,
ह0
(योगेन्द्र दत्त त्रिपाठी)
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in